संपादकीय

# ऐसे भी उलटा पड़ा दांव

यह बात पश्चिम की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के देश अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है।

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उसका उलटा असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। महंगाई और ईंधन के अभाव ने पूरी पश्चिमी दुनिया के बाशिंदों को परेशान कर रखा है। इसके दीर्घकालिक आर्थिक नुकसान का अंदाजा अब लगाया जा रहा है। उधर राजनीतिक उथल-पुथल की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। इसी बीच यह बात भी पश्चिमी रणनीतिकारों की चिंता बताएगी कि दुनिया भर के सेंट्रल बैंक अपनी रिजर्व करेंसी में चीन की मुद्रा युवान का हिस्सा बढ़ा रहे हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय कारोबार में अमेरिकी मुद्रा डॉलर के वर्चस्व के लिए खतरा पैदा हो रहा है। यह बात यूबीएस एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कही है। यह कंपनी हर साल मुद्रा भंडार प्रबंधन सर्वे रिपोर्ट जारी करती है। उसकी ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 85 प्रतिशत सेंट्रल बैंकों ने बताया कि उन्होंने युवान में या तो निवेश किया है, या ऐसा करने पर वे गंभीरता से सोच रहे हैं। ये संख्या पिछले साल 81 प्रतिशत थी। सेंट्रल बैंक अपने भंडार में अगले दस साल में युवान के हिस्से को औसतन 5.8 प्रतिशत तक ले जाने पर विचार कर रहे हैं। यह मौजूदा स्तर की तुलना में बड़ी बढ़ोतरी होगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले हफ्ते ही बताया था कि फिलहाल सेंट्रल बैंकों के भंडार में औसतन 2.9 प्रतिशत हिस्सा युवान का है। असल में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने जिस तरह रूस की विदेशी मुद्रा को जब्त कर लिया, उससे डॉलर के प्रति विभिन्न देशों का भरोसा घटा है। तो अब वे अलग मुद्राओं में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। ये आंकड़ा भी गौरतलब है। यूबीएस के सर्वे में शामिल 30 प्रमुख देशों के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते जून में डॉलर का हिस्सा 63 प्रतिशत था। 2021 के जून में ये हिस्सा 69 प्रतिशत था। स्पष्टतः यूक्रेन युद्ध ने सारी सूरत बदल दी है। हाल के वर्षों में चीन में दर्ज हुई मजबूत आर्थिक वृद्धि के कारण आर्थिक क्षेत्र में चीन अमेरिका का विकल्प बन कर उभर रहा है। इसी कारण अब बहु-ध्रुवीय विश्व की चर्चा शुरू हो गई है।

# 18 से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें, दही, छाछ और लस्सी जैसी चीजें होंगी महंगी

**नई दिल्ली।** देश में जीएसटी की नई दरें अगले सप्ताह के पहले दिन यानी 18 जुलाई से लागू हो जाएंगी। नई दरों के लागू होने के बाद टेट्रा पैकिंग वाली लस्सी, दही और छाछ जैसी चीजें भी पहली बार जीएसटी के दायरे में आ जाएंगी। इसकी वजह से आम आदमी पर महंगाई का बोझ थोड़ा और बढ़ सकता है।

जीएसटी काउंसिल की 47वीं बैठक में ऐसी कई वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाने का फैसला किया गया है, जिन पर अभी तक कोई टैक्स नहीं लगता था। वहीं कई चीजों पर जीएसटी की दर कम भी की गई है, जिसका फायदा आम लोगों को मिल सकेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिये गए फैसले के मुताबिक 18 जुलाई से टेट्रा पैक वाले दही, लस्सी और छाछ पर 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी की वसूली की जाएगी। अभी तक ये चीजें जीएसटी के दायरे से बाहर थीं। इसी तरह अस्पतालों में नन आईसीयू कमरों के मामले में 5 हजार रुपये से अधिक किराए वाले कमरों के लिए 5 प्रतिशत की दर से जीएसटी चुकाने की बाध्यता हो जाएगी।

काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसले के अनुसार होटल के कमरों के किराए के मामले में भी जीएसटी के दायरे को बढ़ाया गया है। अब 18 जुलाई से 1000 रुपये से कम किराए वाले होटल के कमरों पर भी 12 प्रतिशत की दर से जीएसटी की वसूली की जाएगी। अभी तक 1000 रुपये से कम किराए वाले होटल के कमरों पर जीएसटी देने की जरूरत नहीं पड़ती थी। इसके अलावा बैंक से नया चेक बुक इश्यू कराने पर उसके लिए बैंक द्वारा वसूल किए जाने वाले चार्ज पर भी 18 जुलाई से 18 प्रतिशत जीएसटी ली जाएगी।

इसी तरह एटलस और मैप को भी जीएसटी काउंसिल के फैसले के मुताबिक 12 प्रतिशत टैक्स के दायरे में लिया गया है। दूसरी ओर एलईडी लैंप और एलईडी लाइट्स पर लगने वाले जीएसटी के स्लैब को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कांटे वाले चम्मच, स्कीमर्स, सामान्य चम्मच, ब्लेड, पेपर कटर, कैंची, पेंसिल और शार्पनर पर लगने वाले जीएसटी के दायरे को भी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है।

जीएसटी काउंसिल की 47वीं बैठक में जहां कुछ चीजों को जीएसटी के दायरे में लाया गया है और कुछ चीजों में जीएसटी के दर में बढ़ोतरी की गई है, वहीं कुछ चीजों में जीएसटी की दर में कटौती भी की गई है। इन चीजों पर 18 जुलाई के बाद से घटी हुई दर पर ही जीएसटी की वसूली की जाएगी। जिन चीजों के जीएसटी स्लैब में कमी की गई है, उनमें फ्रैक्चर उपकरण, शरीर के कृत्रिम अंग, इंट्राऑक्यूलर लेंस, बॉडी इंप्लांट्स और स्प्लिंट्स जैसी चीजें शामिल हैं, जिन पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत के स्लैब में ले आया गया है।

इसी तरह सुरक्षा बल के लिए आयात की जाने वाली कुछ खास वस्तुओं को पूरी तरह से आईजीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया गया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए गए फैसले के मुताबिक ईंधन की लागत को शामिल करके किराए की गणना करने वाले ऑपरेटर्स को माल ढुलाई के किराए में राहत दी गई है। 18 जुलाई से इन ऑपरेटर्स को किराए पर 18 प्रतिशत की जगह 12 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होगा। इसके अलावा रोप-वे के जरिए मुसाफिरों या सामानों को लेकर आने जाने के किराए पर भी जीएसटी की दर 18 प्रतिशत घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है।

# थोक महंगाई दर जून में मामूली गिरावट के साथ 15.18 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** थोक महंगाई दर लगातार 15वें महीने दोहरे अंकों पर बनी हुई है। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर जून महीने में मामूली गिरावट के साथ 15.18 फीसदी पर आ गई है। मई में थोक महंगाई दर 15.88 फीसदी रही थी, जबकि अप्रैल महीने में यह 15.08 फीसदी पर और मार्च में 14.55 फीसदी पर रही थी, जबकि फरवरी में 13.11 फीसदी पर थी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जून में खाद्य महंगाई दर 12.41 फीसदी पर पहुंच गई, जो मई में 10.89 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई 56.36 फीसदी से बढक़र 56.75 फीसदी हो गई। इसी तरह आलू की महंगाई 24.83 फीसदी से बढक़र 39.38 फीसदी हो गई, लेकिन अंडे, मीट और मछली की महंगाई 7.78 फीसदी से घटकर 7.24 फीसदी रह गई है। जून में प्याज की थोक महंगाई दर -20.40 फीसदी से घटकर -31.54 फीसदी हो गई है वहीं विनिर्मित उत्पाद की महंगाई 10.96 फीसदी से घटकर 9.19 फीसदी रही है। थोक महंगाई दर का लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय है। बता दें कि एक दिन पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक खाने पीने के सामान से लेकर तेल और बिजली की महंगाई कम होने से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर 7.01 फीसदी हो गई है। इसके बावजूद थोक एवं खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक के ऊपरी तय सीमा से ज्यादा रही है।

# एफएसआईबी ने एनएबीएफआईडी के प्रबंध निदेशक पद के लिए राजकिरण राय के नाम की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने हाल में गठित 20,000 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक के प्रमुख के पद के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व प्रबंध निदेशक राजकिरण राय जी. को नियुक्त करने की सिफारिश की है।

इससे पहले, एफएसआईबी ने 13 जुलाई को पांच उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। इस प्रक्रिया के बाद राय को चुना गया है।

एफएसआईबी ने एक बयान में कहा, ''प्रदर्शन, अनुभव और मौजूदा मापदंडों के मद्देनजर ब्यूरो एनएबीएफआईडी में प्रबंध निदेशक के पद के लिए राजकिरण राय जी. के नाम की सिफारिश करता है।

राय ने सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में प्रबंध निदेशक का विस्तारित कार्यकाल इस वर्ष मई में पूरा किया था।

# महिला यूरो कप 2022: नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 3-2 से हराया



**मैनचेस्टर।** डेनिएल वैन डी डोनक के शानदार गोल की बदौलत नीदरलैंड ने बुधवार रात लेह स्पोर्ट्स विलेज में महिला यूरो कप 2022 के अपने ग्रुप सी मैच में पुर्तगाल को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही नीदरलैंड की टीम समूह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। चोट और बीमारी से जूझ रही डच टीम को मैच के सातवें मिनट में ही दमारिस एगुरोला ने हेडर के जरिये गोलकर 1-0 की बढ़त दिला दी। नौ मिनट बाद, स्टेफनी वैन डेर ग्रैग्ट ने एक और गोल करके डच टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

2-0 से पिछडऩे के बावजूद पुर्तगाल ने हार नहीं मानी। कैरोल कोस्टा ने मैच के 38वें मिनट में पेनल्टी के जरिए गोल करके पुर्तगाल का खाता खोला। हाफ टाइम तक पुर्तगाल मैच में एक गोल से पीछे चल रहा था। हाफ टाइम के दो मिनट बाद, डायना सिल्वा ने गोल कर पुर्तगाल को 2-2 से बराबरी दिला दी। मैच के 62वें मिनट में, डेनिएल वैन डी डोनक ने गोल कर नीदरलैंड को 3-2 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

नीदरलैंड के फिलहाल दो मैचों में स्वीडन के बराबर चार अंक हैं। स्वीडन ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ अपनी पहली जीत 2-1 से हासिल की थी। नीदरलैंड अपने अंतिम मैच में स्विट्जरलैंड से खेलेगा जबकि पुर्तगाल का सामना स्वीडन से होगा। दोनों मैच 17 जुलाई को खेले जाएंगे।

# वेस्टइंडीज टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान, कोहली-बुमराह बाहर



**मुंबई।** वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। विंडीज टी20 सीरीज के लिए विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। वहीं केएल राहुल और कुलदीप यादव को भी स्क्वाड में मौका मिला है। बता दें कि दोनों को फिट होने के बाद ही टीम में शामिल किया जाएगा

बड़ी खबर ये है कि आर अश्विन की टी20 टीम में वापसी हुई है। आर अश्विन टी20 वर्ल्ड कप के बाद टी20 टीम में नहीं चुने गए थे। कप्तानी रोहित शर्मा के हाथों में है और हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत भी स्क्वाड में शामिल हैं। बता दें भारत-वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज 29 जुलाई से होगा।

**वेस्टइंडीज टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया-** रोहित शर्मा, इशान किशन, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर अश्विन, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, आवेस खान, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह।

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टी-20 सीरीज
29 जुलाई, पहला टी-20
1 अगस्त, दूसरा टी-20
2 अगस्त, तीसरा टी-20
6 अगस्त, चौथा टी-20
7 अगस्त, पांचवां टी-20

# सिंधू, प्रणय सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने दुनिया की 59वें नंबर की खिलाड़ी वियतनाम की हुइ लिन एंगुयेन को 19 . 21, 21 . 19, 21 . 18 से हराया । अब उनका सामना चीन की हान यि से होगा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन के खिलाफ तीन सप्ताह में दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने एक घंटे और नौ मिनट तक चला मुकाबला 14.21, 22.20, 21.18 से जीता। अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। वहीं किदाम्बी श्रीकांत को हराने वाले मिथुन मंजूनाथ आयरलैंड के एन एंगुयेन से 10.21, 21.18, 16.21 से हारकर बाहर हो गए। वहीं, थाईलैंड की बुसानन ओंगबांरूगफन को हराने वाली अष्मिता चालिहा को चीन की हान यि ने 21.9, 21.13 से हराया।

# रसिका दुग्गल ने शुरू किया 'मिजार्पुर 3' पर काम



'मिर्जापुर' में बीना त्रिपाठी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने वेब-सीरीज के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर नेटिजन्स को सूचित किया कि ,उन्होंने उस श्रृंखला के लिए काम करना शुरू कर दिया है जो एक पंथ का अनुसरण करती है।

रसिका कहती हैं, मैं कलाकारों के साथ फिर से जुडऩे के लिए उत्सुक हूं और मुझे खुशी है कि गुरमीत इस सीजन में भी हमें निर्देशित कर रहे हैं। एक ऐसे निर्देशक का होना आश्वस्त करता है जो कहानी के पात्रों और दुनिया को अंदर और बाहर जानता है। परंतु दिव्येंदु और कुल जी की कमी खलेगी!

मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, कुलभूषण खरबंदा, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा और ईशा तलवार भी हैं।

यह फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस, एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित है।

रसिका की आने वाली परियोजनाओं में 'अधुरा', 'स्पाइक', 'दिल्ली क्राइम सीजन 2', 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' और 'फेयरी फोक' शामिल हैं।

# विजय देवरकोंडा ने लाइगर के नए गाने में दिखाया अपना जादू



अपने शानदार पोस्टर के चर्चा में आने के कुछ ही दिनों बाद, विजय देवरकोंडा अपनी नवीनतम फिल्म लिगर के नए गाने अकड़ी पकड़ी में अपने डांस मूव्स से चारों ओर तापमान बढ़ा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया पर ले जाते हुए, अभिनेता ने आखिरकार सुपर ग्रूवी और फुट टैपिंग डांस नंबर जारी किया, साथ ही इसमें एक बेहतरीन कैपशन भी दिया। गाने में तेजतर्रार स्टार की ऊर्जा संक्रामक है क्योंकि वह उत्साह से बीट्स को सहजता से मिलाता है। देवरकोंडा इस मासी डांस नंबर के माध्यम से फैंस के बीच बहुत प्यारी जगह बना ली है। कुछ दिनों पहले 2 जुलाई को जारी किए गए आकर्षक लुक लिगर के आखिरी पोस्टर ने पूरे देश में काफी हलचल मचा दी थी, रिकॉर्ड स्थापित करते हुए यह सबसे तेजी से 1 मिलियन लाइक्स पाने वाला पहला पोस्टर बन गया था।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

***वृष :*** आपका दिन सामान्य रहेगा और व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है।

**मिथुन :** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आपका मन नये कार्यो को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें।

***कर्क :*** आज आपका दिन समान्य रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन भी मिलेंगे। महिलाएं घर के पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी।

***सिंह :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी।

***कन्या :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन अच्छा है।

***तुला :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा है। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा।

***धनु :*** आपका दिन आज उत्तम रहेगा। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर परिवरवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

***मकर :*** आज आपका मन पुरे दिन प्रसन्न रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

***कुंभ :*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आपकी बात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। संतान की करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेगी।

# करारे और चटपटे 'मूंग दाल पनीर के पकौड़े'



मूंग दाल पनीर पकौड़ा बहुत ही टेस्टी स्नैक्स है, वैसे तो इसे कभी भी बनाकर खाया जा सकता है लेकिन मानसून में खाने का अलग ही मजा है। तो आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

### सामग्री :

**बैटर के लिए-** पीली मूंग दाल- 1/2 कप (2-3 घंटे भीगी हुई), हरी मूंग दाल- 1/2 कप (2-3 घंटे भिगोई हुई), आलू- 1 कच्चा कद्दूकस किया हुआ, मेथी कटी हुई- 1/2 कप, गाजर बारीक कटे हुए- 2 टेबलस्पून, अदरक बारीक कटा हुआ- 2 टीस्पून, हरी लहसुन- 2 टीस्पून, हरी मिर्च बारीक कटी हुई- 1 टीस्पून, धनिया बारीक कटी हुई- 1/4 टीस्पून, हींग- चुटकीभर, साबुन धनिया कूटी हुई- 1 टीस्पून, अजवायन- 1 टीस्पून, तिल- 2 टेबलस्पून, बेसन- 2 टेबलस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, जीरा पाउडर- 1/2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, तेल फ्राई करने के लिए, नींबू का रस- 1 टीस्पून

**पनीर के लिए-** पनीर क्यूब्स में कटे हुए- 15-16, चाट मसाला- 1/2 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून

### विधि :

दोनों दाल को 2-3 घंटे के लिए भिगोकर छोड़ दें उसके बाद इन्हें पानी से निकालकर मिक्सी में पीस लें। इसके बाद आलू को धोकर, छीलकर कद्दूकस कर लें और निचोड़कर इसका एक्स्ट्रा पानी निकाल लें। एक बाउल में ये आलू, पिसी हुई दाल और सारे मसाले डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। साथ ही दो चम्मच तेल भी डाल दें। एक दूसरे बाउल में पनीर, चाट मसाला और लाल मिर्च पाउडर मिक्स कर 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। कड़ाही में तेल डालकर इसे गरम होने दें। इसके बाद पनीर को दाल वाले मिक्सचर में डालें और अच्छी तरह इसे दाल से कवर कर लें। तेल में डालकर सुनहरा होने तक फ्राई करें। हरी चटनी या टमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 133

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बना है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |